न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील/आरटीआई/86/2020

गोपीराम अग्रवाल ,आर0टी0आई0 रिसर्च सेन्टर, बांसवाड़ा (राज0)।

बनाम

अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ।

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

आदेश

दिनांक 07.12.2020

अपीलार्थी की यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत हुई है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि अपीलान्ट गोपीराम अग्रवाल ,आर0टी0आई0 रिसर्च सेन्टर, बांसवाड़ा (राज0) ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जरिये प्रार्थना पत्र दिनांक 14.09.2020 अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से सूचना चाही गई थी। अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। इस कार्यालय के पत्र कमांक/कोर्ट/696 दिनांक 12.11.2020 के अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने बाबत रिपोर्ट तलब की गई। इस संबध में अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से उनके पत्र कमांक/10930 दिनांक 24.11.2020 के द्वारा जबाब प्राप्त हुआ जो शामिल मिसिल किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी ने अपील में कथन किया है कि आरटीआई के तहत चाही गई सूचनाऐं अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ने उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। अपीलान्ट ने अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से सूचनांऐं उपलब्ध कराये जाने की प्रार्थना की है। अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से प्राप्त जबाब पत्र कमांक 10930 दिनांक 24.11.2020 का अवलोकन किया गया। अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ने उक्त पत्र से अवगत कराया है कि उनके कार्यालय के रजिस्टर्ड पत्रांक 9885 दिनांक 15.10.2020 से अपीलान्ट को यह लिखा गया था कि उनके द्वारा माननीय मुख्य सचिव महोदय राजस्थान जयपुर को प्रेषित पत्र दिनांक 11.09.2020 एवं उसकी प्रति दिनांक 13.09.2020 जो जिला कलक्टर कार्यालय को जरिये ई–मेल भेजना अवगत कराया है, जबकि इससे सम्बन्धित कोई ई–मेल उनके अनुभाग को प्राप्त ही नहीं हुआ है। अपीलान्ट द्वारा ई–मेल जिला कार्यालय की किस ई–मेल आई0डी0 पर भिजवाया गया है, अवगत नहीं कराने से सूचना उपलबध नहीं कराई जा सकी है ।

पत्र के अवलोकन से यह जाहिर है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से सम्बन्धित पत्र अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर को प्राप्त नहीं हुआ है । अपीलान्ट द्वारा जिला कार्यालय की किस ई–मेल आई0डी0 पर पत्र भेजा गया है ,के सम्बन्ध में ... मौजूद भी कोई प्रत्युत्तर

Signature Not Verified
Digitally signed by Nathmal Didel
Date: 2021.02.17 13:16:34 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
भरतपुर (राज0)

प्राप्त नहीं हुआ है । अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर ने अपने जबाव की ताईद में पत्र कमांक 9885 दिनांक 15.10.2020 की प्रति भी भिजवाई गई है। प्रतीत होता है कि अपीलान्ट सूचना प्राप्त करने का इच्छुक नहीं है। अस्तु अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी को (अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर से प्राप्त पत्रादि की प्रति संलग्न कर) प्रेषित की जावे। निर्णय की प्रति अति0 जिला कलक्टर, राजस्व अनुभाग, कलक्ट्रेट भरतपुर को भी भेजी जावे।

(नथमल डिडेल)
जिला कलक्टर,
भरतपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Nathmal Didel
Date: 2021.02.17 13:16:34 IST
Reason: SelfAttested